राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(राजभाषा कक्ष)

संख्या: 1-14(2017-18)/हिन्दी पखवाड़ा/एनएससी

दिनांक: 08 सितम्बर, 2017

विषय: स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह "स्मृति पुरस्कार योजना" के अंतर्गत वर्ष 2017-18 के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

प्रसिद्ध सांसद और हिन्दी के जाने-माने विद्वान एवं लेखक स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह की स्मृति में निगम में हर वर्ष अखिल निगम स्तर पर हिन्दी में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने का सक्षम अधिकारी ने निर्णय लिया है। इस बार के हिन्दी निबंध का विषय है- ***-"राष्ट्रीय खाद्यान्न में एनएससी के बीजों का योगदान"*** ।

निबंध हिंदी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ लिखा होना चाहिए। निबंध एक से डेढ़ हजार शब्दों के बीच होना चाहिए। मुख्यालय के राजभाषा कक्ष में निबंध प्राप्त होने की **अंतिम तारीख 20 सितम्बर, 2017 है। निबंध स्पीड पोस्ट, ई-मेल द्वारा भिजवाए जा सकते हैं।**

निबंध में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार अखिल निगम स्तर पर दिए जायेंगे, जिनकी पुरस्कार राशि इस प्रकार है-

1	प्रथम पुरस्कार	रू. 1500/-
2	द्वितीय पुरस्कार	रू. 1200/-
3	तृतीय पुरस्कार	रू. 1000/-
4	प्रोत्साहन पुरस्कार (दो)	रू. 500/-

पुरस्कार हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर दिए जाएंगे।

मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों और अनुभागाध्यक्षों तथा क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं फार्म प्रमुखों से अनुरोध है कि वे इस परिपत्र की विषयवस्तु से अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों को अवगत करवाएं और उन्हें उल्लिखित विषय पर हिन्दी में निबंध लिखकर निर्धारित तारीख तक मुख्यालय के राजभाषा कक्ष में भिजवाने के लिए प्रेरित करने का श्रम करें।

(दीपिका रानी)
सहायक प्रबंधक (राजभाषा)
ई-मेल: amrajbhasha.sfci@gmail.com
मोबाईल:9540169109

वितरण:

1. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं अनुभागाध्यक्ष - आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंगलुरू, भोपाल, चंडीगढ, चैन्ने, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता, पुणे, पटना एवं सिकन्दराबाद एवं फार्म प्रमुख, सूरतगढ, सरदारगढ, जैतसर, हिसार एवं रायचूर, एनएससी से अनुरोध है कि फार्म /क्षेत्रीय/प्रक्षेत्र कार्यालयों में अपने अधीन सभी कार्मिकों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से जल्द से जल्द अवगत करवा दें ताकि उन्हें निबंध लिखने और उसे टाईप करवाकर मुख्यालय भिजवाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।
3. सूचना तकनीक कक्ष- कृपया इस परिपत्र को एनएससी की वेबसाइट में "हिन्दी कक्ष" शीर्षक के अंतर्गत अपलोड कर दें।
4. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निजी सचिव-सूचनार्थ।
5. सूचना पट्ट